ರಾಜ್ಯ ಮಟ್ಟದ ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್ .ಸಿ ಪೂರ್ವಸಿದ್ಧತಾ ಪರೀಕ್ಷೆ ಜನವರಿ/ಫೆಬ್ರವರಿ -2024-25

ಅವಧಿ : ೩ ಗಂಟೆ　　　　तृतीय भाषा हिंदी　　　　ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : ೮೦

I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार–चार विकल्प सुझाए गये है , उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उनके संकेताक्षार सहित पूर्ण रूप से लिखिए – 8X1=8

1. " रात " शब्द का विलोम रूप है – अ) शाम , आ) निशा , इ) संध्या ई) **दिन**
2. श्रीमान शब्द का "स्रीलिंग रुप है । अ)मान, **आ)श्रीमती** , इ) श्रीमती , ई)पुरुष
3. निम्नलिखित मे से एकवचन शब्द है – अ) बातें , आ) आँखें, इ) **पैसा** ई) कपडें
4. निम्नलिखित में से " प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया " रूप है –
   **अ) दिखाना**, आ) दिखावट इ) देखना, ई) दिखवाना
5. वनौषध शब्द में संधि है –अ) दीर्घ , **आ) वृद्धि** ,इ) गुण ई) यण
6, " जलप्रपात " शब्द में समास है – अ) कर्मधारय आ) द्वंद्व इ) दिगु , **ई) तत्पुरुष**
7. क्या आप मैसूरु जा रहे है ? वाक्य में प्रयुक्त विराम चिन्ह है–
   **अ)प्रश्नवाचक** आ) पूर्ण विराम इ) अल्पविराम ई) अर्धविराम
8. रमेश कलाम ........ पत्र लिखता है । रिक्त स्थान में सही कारक चिन्ह होगा–
   अ) पर आ) में **इ) से** ई) को

II. निम्नलिखित प्रथम दो शब्दो के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए – 4X1=4

9.जलालुद्दीन : चीजा :: शम्सुद्दीन : **चचेरे भाई**

10. पं० राजकिशोर: मजदूरों के नेता : वर्मा :**डाँक्टर**

11. टोली का नाम: बाल-शक्ति टोली का मुखिया : **मोहन**

12. पाप का मूल: अभिमान : धर्म का मूल :: दया

III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक –एक पूर्ण वाक्य में लिखिए – 4X1=4

13. **वर्षों से सक्सेना के परिवार में कौन काम कर रहा था ?**
    वर्षों से सक्सेना के परिवार में सधोराम काम कर रहा था ?

**14. बच्चों की तारीफ किसने की ?**
    बच्चों की तारीफ जिले के कलेक्टर ने की ।

**15. समय की पहचान कविता में कवि किस पर विश्वास करने को कहते है ?**
    कवि आत्मा पर विश्वास करने को कहते है ।

**16. नंद और यशोदा का रंग कैसा था ?**

नंद और यशोदा का रंग <u>सफेद (गोरा)</u>

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो –तीन वाक्यों में लिखिए – 8X2=16

17. **जैनुलाबदीन नमाज़ के बारे में क्या कहते थे ?**

*जैनुलाबदीन कहते थे कि "जब तुम नमाज़ पढ़ते हो तो तुम अपने शरीर से इतर ब्रह्मांड का एक हिस्सा बन जाते हो * जिसमें दौलत, आयु, जाति या धर्म-पंथ का कोई भेदभाव नहीं होता ।"

**18 . लेखक ने कमरा छोड़कर जाने का निर्णय क्यों लिया ?**

*सम्मेलन में आकर लेखक की सभी वस्तुएँ चोरी हो गयी थीं ।

*इससे तंग आकर परसाई जी ने कमरा छोड़कर जाने का निर्णय लिया ।

**19. लालिम और किंचा जंगल की ओर क्यों चल पड़े ?**

* लालिम और किंचा[ आदिबासी दोस्त ]मकान बनाने के बारे में पशुओं से पूछताछ के लिए जंगल की ओर चल पड़े ।

**20. धीरज सक्सेना को बुद्धिमान रोबोट की जरुरत क्यों थी ?**

*धीरज सक्सेना को अपने नाती-पोतों का होमवर्क कराने के लिए |

*वर्ड प्रोसेसर पर अपना काम संभालने के लिए बुद्धिमान रोबोट की आवश्यकता थी।

**21. मनुष्य के लिए सुख की प्राप्ति कब संभव है ?**

*समय बहुत अनमोल है। *परिश्रम करनेवाले को ही सुख की प्राप्ति संभव है । *इसलिए सही समय पर सही काम करने से सुख की प्राप्ति संभव है। * कवि के अनुसार मनुष्य को समय नष्ट नहीं करना चाहिए उद्योग करनेवालों को समय मिल ही जाता है। * समय का सदुपयोग करके मनुष्य सुख पा सकता है।

**22. यशोदा कृष्ण के क्रोध को कैसे शांत करती है ?**

*यशोदा समझाती है कि, बलराम जन्म से ही धूर्त और चुगलखोर है । *उसकी बातें मत सुनो ।

*मैं गोमाता की कसम खाकर कहती है कि मैं ही तुम्हारी माता हूँ,तुम मेरे पुत्र हो ।

**23. शनि सौर मंडल का सर्वाधिक सुंदर ग्रह है। कैसे ?**

*शनि ग्रह के चारों ओर अत्यंत सुंदर वलय हैं। *वे स्पष्ट और विस्तत हैं । *ऐसा लगता है - प्रकृति ने उसके गले में खूबसूरत हार डाल दिये हैं।

(अथवा)

**शनि ग्रह को अत्यंत ठंडा ग्रह क्यों कहा जाता है ?**

*शनि ग्रह सूर्य से पृथ्वी की अपेक्षा करीब दस गुना अधिक दूर है, इसलिए बहुत कम सूर्यताप उस ग्रह तक पहुँचता है। *शनि के वायुमंडल का तापमान शून्य के नीचे 150° सेंटीग्रेड के आसपास रहता है।

*इसलिए शनि ग्रह को अत्यंत ठंडा ग्रह कहा जाता है ।

**24. महात्मा गांधी का सत्य के शक्ति के बारे में क्या कथन है?**

सत्य की शक्ति के बारे मे महात्मा गांधी जी का कथन सत्य एक विशाल वृक्ष है । उसका जितना आदर किया जाता है , उतने ही फल उसमें लगते हैं । उनका अंत नही होता ।

(अथवा)

**अन्वर ने मीना मैडम से क्या कहा ?**

अन्वर ने मीना मैडम से कहा कि हँ मेडम मै कहना चाहता हूँकि समस्त देशवासियों के प्रति भाई –चारे का भाव रखना और जाति ,धर्म ,भाषा ,प्रदेश ,वर्ग पर आधारित सभी भेदभाव से दूर रहना चाहिए ।

V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो –तीन वाक्यों में लिखिए – 9X3=27

**25. सब्जी और फलों के महत्व के बारे में लेखक प्रेमचंद जी के विचार क्या है ?**

प्रकृति ने हमे भरपूर मात्रा मे फल और सब्जियाँ दि है । फ्ल और सब्जियाँ खाने से हमारे तन को आवश्यक प्रोटीन ,विटीमिन , मिनरल्स और कार्बोहाइड्रेट्स मिलते है ।

**26. गिल्लू के अंतिम दिनों का वर्णन कीजिए ।**

* गिलहरियों के जीवन की अवधि दो वर्ष से अधिक नहीं होती, अतः की जीवन-यात्रा का अंत आ ही गया। * दिनभर उसने न कुछ खाया, न वह बाहर गया। * पंजे इतने ठंडे हो रहे थे कि, मैंने जागकर हीटर जलाया और उसे उष्णता देने का प्रयत्न किया । * परन्तु प्रभात की प्रथम किरण के साथ ही वह चिर-निद्रा में सो गया ।

**27. बसंत एक ईमानदार, स्वाभिमानी लड़का है। कैसे ? बताइए ।**

* बसंत स्वाभिमानी और ईमानदार लड़का था। *वह मेहनत से पैसा कमाना चाहता था ।

* इसलिए उसने पं,राजकिशोर से दया की भीख लेने से इनकार किया । * जब वह नोट भुनाने गया तब लौटते समय मोटर के नीचे आ गया और बुरी तरह से घायल होने पर भी वह अपने भाई प्रताप को पैसे लौटाने राजकिशोर के यहाँ भेजता है ।* डाक्टर जब उसकी चिकित्सा करने लगते हैं तब उसे अपनी गरीबी की बात अखरती है |* इससे पता चलता है कि वसंत ईमानदार & स्वाभिमानी लड़का है ।

**28. संचार व सूचना के क्षेत्र में इंटरनेट के महत्व के बारे में लिखिए।**

इंटरनेट द्वारा पल भर में बिना ज्यादा खर्च किए कोई भी विचार हो ,स्थिर चित्र हो ,विडियों चित्र हो दुनिया के किसी भी कोने में भेजना मुमकिन हो गया है । हम चाहे तो पूरे एक पुस्तकालय की किताबों ले विषय को कम समय में भेज सकते है ।

**29. एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचकर बछेंद्री ने क्या किया ?**

एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचकर बिछेंद्री ने बर्फ पर अपने माथे को लगाकर सागरमाथे का चुंबन किया। *अपने थैले से हनुमान चालिसा और दुर्गा माँ का चित्र निकाला। *उसे लाल कपड़े में लपेटा और छोटी-सी पूजा करके उसको बर्फ में दबा दिया । *अंग दोरजी के सामने आदर भाव से झुकी ।

**30. मातृभूमि के प्रकृति-सौंदर्य का वर्णन कीजिए।**

* मातृभूमि के खेत हरे-भरे और सुंदर हैं। * वन-उपवन फल-फूलों से भरे हुए हैं ।

* मातृभूमि के अंदर खनिज रूपी धन भरा हुआ है ।

**31. कवि दिनकर जी के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है?**

*कवि आज मनुष्य ने प्रकृति पर विजय प्राप्त कर ली है। यह उसकी साधना है *पर मानव मानव के बीच स्नेह का बाँध बाँधना मानव की सिद्धि है। *जो मानव दूसरे मानव से प्रेम का रिश्ता जोड़कर आपस की दूरी को मिटाए, वही मानव कहलाने का अधिकारी होगा ।

32. *निम्नलिखित दोहे का भावर्थ लिखिए :-*

*राम नाम मनि दीप धरू, जीह देहरी द्वार ।*
*तुलसी भीतर , बाहिरौ, जो चाहसी उजियार ॥*

प्रस्तुत दोहे के द्वारा तुलसीदास जी कहते हैं कि जिस तरह देहरी पर दिया रखने से घर के भीतर तथा आँगन में प्रकाश फैलता है *उसी तरह राम नाम जपने से मानव की आंतरिक और बाह्य शुद्धि होती है ।

**33. गद्यांश का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी में कीजिए –**

**कर्नाट्क में चंदन के पेड विपुल मात्रा में है इसलिए कर्नाट्क को चंद्न का आगार कहते है । यहाँ चंदन का तेल ,साबुन तथा कलाकृतियाँ भी बनायी जाती हैं।**

**ಕರ್ನಾಟಕದಲ್ಲಿ ಶ್ರೀಗಂಧದ ಮರಗಳು ಹೇರಳವಾಗಿವೆ ಆದಕಾರಣ ಕರ್ನಾಟಕವನ್ನು ಶ್ರೀಗಂಧದ ನಾಡು ಎಂದು ಕರೆಯುತ್ತಾರೆ .ಇಲ್ಲಿ ಶ್ರೀಗಂಧದ ಎಣ್ಣೆ ಸಾಬೂನು ಮತ್ತು ಕಲಾಕೃತಿಗಳನ್ನು ತಯಾರಿಸಲಾಗುತ್ತದೆ .**

**VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच –छः वाक्यों में लिखिए : 2X4=8**

**34. कर्नाटक की शिल्पकला का परिचय दीजिए ।**

*कर्नाटक की शिल्पकला और वास्तुकला अनोखी है। * बादामी, ऐहोले, पट्टदकल्लू के मंदिरों की शिल्पकला और वास्तुकला अद्भुत है । * बेलूर, हलेबीडु, सोमनाथपुर के मंदिरों की मूर्तियाँ सजीव लगती हैं । *ये हमें रामायण, महाभारत, पुराणों की याद दिलाते हैं ।*श्रवणबेलगोल में गोमटेश्वर की 57 फूट एकशिला प्रतिमा शांति और त्याग का संदेश देती है ।*विजयपुर के गोलगुंबज की व्हिस्परिंग गैलरी वास्तुकला का अद्वितीय उदाहरण है ***मैसूर के राजमहल, सेंट फिलोमिना चर्च, जगनमोहन आर्ट गैलरी** आकर्षणीय हैं।

(अथवा)

**कर्नाटक के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन कीजिए ।**

कर्नाटक की प्राकृतिक सुषमा [सुंदरता] नयन मनोहर है। *पश्चिम में अरबी समुद्र, इसी प्रांत में दक्षिण से उत्तर के छोर तक फैली लंबी पर्वतमालाओं को पश्चिमी घाट कहते हैं। *इन्हीं घाटों का कुछ भाग सह्याद्रि कहलाता है।*दक्षिण में नीलगिरी की पर्वतावलियाँ शोभायमान हैं।

**35. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए –**

**असफलता एक चुनौती है, इसे स्वीकार करो,**
**क्या कमी रह गई, देखो और सुधार करो।**
**जब तक न सफल हो, नींद चैन को त्यागो तुम,**
**संघर्श का मैदान छोडकर मत भागो तुम ।**

**VII. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4X1=4**

36.अ) गांधीजी डाँ अम्बेडकर जी से किस कारण प्रभावित हुए ?
गांधीजी डाँ अम्बेडकर जी की निःस्वार्थ सेवाओं से प्रभावित हुए

आ)संसार का सर्वश्रेष्ठ संविधान किसे माना गया है ?
भारत का संविधान संसार का सर्वश्रेष्ठ संविधान माना गया है ।

इ) अम्बेडकर जी को डाँक्टर आफ कान्स्टिट्यूशन की उपाधि क्यों मिली ?
अम्बेडकर जी को सर्वश्रेष्ठ संविधान बनाने के उपलक्ष मे डाँक्टर आफ कान्स्टिट्यूशन की उपाधि मिली

ई) भारत का संविधान कब से देश में लागू हुआ ?
भारत का संविधान २६ जनवरी ,१९५०ई० से देश में लागू हुआ।

VIII. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर १२–१५ वाक्यों मे किसी एक विषय के बारे में निंबध लिखिए: 1X4=4

**37. आ) इंटरनेट की उपयोगिता (* प्रस्तावान * लाभ –हानि * उपसंहार )**

1] अर्थ : अंतर्जाल है। जो दुनिया के अनगिनत कंप्यूटरों को एक दूसरे से संबंध स्थापित करने का जाल है।

2] उपयोग : * इंटरनेट द्वारा घर बैठे बैठे खरीदारी कर सकते हैं। *दुनिया में किसी भी जगह पर जितनी चाहे रकम भेज सकते हैं। * किसी को वीडियो चित्र, फ़ोटो भेज सकते हैं, एक साथ दुनिया के किसी दूर जगह रहनेवालों के साथ विचारों के आदान प्रदान कर सकते है।

3] वर्तमान की अवश्यकता : * इंटरनेट आधुनिक जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग बन गया है। * दुनिया में बहुत् से कार्यों के लिए इंटरनेट अत्यावश्यक हो गया है। * जैसे - किसी टिकेट बुक - कराने, नौकरियों के विज्ञापन, परीक्षाएँ, परीक्षा फ़ल खेल आदि ।

4] उपसंहार : * इंटरनेट वरदान भी है अभिशाप भी।

* इससे बैंकिग फ्राड, हैकिंग, पैरसी आदी बड रहे हैं। युवा तथा बच्चे अनुपयुक्त, अनावश्यक जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। * इसीलिए इंटरनेट का आवश्यकतानुसार ही उपयोग करना चाहिए

IX. निम्नलिखित विषय के बारे मे पत्र लिखिए :– 1X5=5

**38.**

प्रेषक, दि: 1-3-2025

अ.ब.क.

दसवीं कक्षा

श्री.जी.वी.गौड स्मारक हाईस्कूल कोत्तनूरू

कोल्लेगाल ता॥

चामराजनगर जिला॥

सेवा में,

प्रधानाध्यापकजी

श्री.जी.वी.गौड स्मारक हाईस्कूल कोत्तनूरू

कोल्लेगाल ता॥

चामराजनगर जिला॥

आदरणीय महोदय,

विषय : चार दिन छुट्टी के लिए प्रार्थना पत्र ।

उपर्युक्त विषय के अनुसार आपसे निवेदन है कि मैं बीमार हूँ इसलिए दि. 1/3/2025 से दि: 1/3/2025 तक विद्यालय नहीं आ सकता। अतः आपसे प्रार्थना करता हूँ कि चार दिनों की छुट्टी देने की कृपा करें।

धन्यवाद

आपका आज्ञाकारी छात्र

अभिभावक का हस्तक्षार अ,ब,क